BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक-13.02.2025**

◆कानून व्यवस्था के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में भदोही पुलिस को टॉपटेन में मिला स्थान

◆माह जनवरी, 2025 में प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में भदोही पुलिस का जोन में प्रथम एवं प्रदेश में सातवां स्थान

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सीएम डैशबोर्ड सम्बन्धित कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए लगातार दिए जा रहे आवश्यक दिशा-निर्देश

मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस विभाग के कार्यों की परफॉर्मेंस के आधार पर प्रदेश स्तर पर प्रत्येक माह जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में माह जनवरी, 2025 में प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में भदोही पुलिस को सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। सीएम डैशबोर्ड द्वारा जारी की गई रैंकिंग में जनपद भदोही को 74.30/100 पूर्णांक प्राप्त हुए हैं। जनपद भदोही व सोनभद्र को जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सीएम डैशबोर्ड सम्बन्धित कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए सभी संबंधित को लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

माह जनवरी, 2025 में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उत्तर प्रदेश के कुल-51 परियोजनाओं में से 06 परियोजनाओं एससी/एसटी एक्ट की कार्यवाही, गैंगस्टर पंजीकरण, गुंडा एक्ट की कार्यवाही, पॉक्सो एक्ट की कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही व साक्षीगण के विवरण की कार्यवाही में जनपद भदोही की कार्यवाही प्रदेश स्तर पर सर्वाधिक रही है।